जनपद हमीरपुर

थाना- कोतवाली राठ **दिनांक 01.07.2026**

थाना कोतवाली राठ पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।

पुलिस घटना का विवरण-

दिनांक 30.06.2026 को थाना कोतवाली राठ पर प्राप्त तहरीर के आधार पर एक अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसमें एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म एवं लैंगिक अपराध से संबंधित गंभीर आरोप लगाए गए थे। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल साक्ष्यों के संकलन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को सक्रिय किया गया।

पुलिस कार्यवाही का विवरण-

विवेचना के क्रम में थाना राठ पर पंजीकृत अभियोग की धारा 74, 65(2) बीएनएस एवं धारा 5 एम/6 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त चाँद खाँ पुत्र अलीबख्श, उम्र लगभग 75 वर्ष, निवासी मुहाल रामनगर, मलवा रोड, नहर बाईपास, कस्बा एवं थाना राठ, जनपद हमीरपुर की तलाश की जा रही थी कि पुलिस टीम द्वारा निरंतर दबिश एवं सुरागरसी करते हुए आज दिनांक 01.07.2026 को अभियुक्त को थाना क्षेत्र के नहर बाईपास, मलवा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

चाँद खाँ पुत्र अलीबख्श उम्र करीब 75 वर्ष निवासी मुहाल रामनगर मलवा रोड नहर बाईपास कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तारी का स्थान-

नहर बाईपास, मलवा रोड थाना राठ हमीरपुर।

पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 अजय वर्मा
2.का0 विपिन कुमार वर्मा
3.का0 जसपाल